# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, झंझारपुर

पत्रांक 1252 अनु० झंझारपुर / दिनांक 18/9/ 2020 ई0

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, झंझारपुर ।

सेवा में,

अधीक्षण अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य अंचल, दरभंगा ।

विषयः— राज्य योजना (नाबार्ड) अन्तर्गत Paitghat Biraul Path To Tolwa Mushari पथ निर्माण कार्य का समयवृद्धि की स्वीकृति के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विषयांकित पथ निर्माण हेतु संवेदक द्वारा दिनांक – 05.09.2018 को एकरारनामा किया गया जिसका एकरारनामा संख्या 34 SBD/2018-19 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य दिनांक 04.09.2019 को समाप्त करना था । संवेदक द्वारा पथ निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण कर लिया गया परन्तु पथ में एक आर0सी0सी0 पुलिया को 2x5x4 size में Revised कराने के प्रत्याशा में उक्त विषयांकित योजना में मात्र पुलिया निर्माण कार्य शेष रह गया है । दिनांक 28.08.2019 को विभागीय सचिव महोदय की अध्यक्षता में निविदा समिति की बैठक में प्रावधानित बॉक्स कलवर्ट निर्माण हेतु पुनरीक्षित प्राक्कलन पर अनुमोदन प्रदान किया गया तदोपरांत मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना के ज्ञापांक – 4768, दिनांक – 26.06.20 द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। वर्त्तमान में संवेदक द्वारा पूरक एकरारनामा कर पुलिया निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है एवं पुनरीक्षित कार्य योजना उपलबध कराया गया है जिसमें निर्माण कार्य माह दिसम्बर 2020 तक पूर्ण होने का लक्ष्य है।

अतः उक्त कार्य में दिनांक 31.12.2020 तक समय वृद्धि स्वीकृति हेतु अनुशंसा की जाती है । उपरोक्त सभी प्रमाण पत्र एवं आवेदन मूल में संलग्न की जा रही है।

अनु0:— यथोक्त ।

विश्वासभाजन

18/9/20

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, झंझारपुर ।

18-9-20

18/09/20

## मुख्य अभियंता –3 का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना

पत्रांकः– II/मु0अ0–3,त0स्वी0–18–210/20 पटना दिनांकः–

प्रेषक,

मुख्य अभियंता–3,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

अधीक्षण अभियंता,
ग्रमीण कार्य विभाग,
कार्य अंचल, दरभंगा।

**विषयः– शीर्ष नाबार्ड योजना अन्तर्गत कार्य प्रमंडल, झंझारपुर के अधीन 01 अदद पथ के प्राक्कलन पर पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।**

प्रसंगः–:–आपका पत्रांक–1047 अनु0 दिनांक–04.06.20, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार का पत्रांक–1807 दिनांक–07.05.18, वित्त विभाग के संकल्प संख्या–एम–4–53/2007/6439/वि0 पटना, दिनांक 28.08.2018 एवं पथ निर्माण विभाग का संकल्प संख्या–7155 (s) दिनांकः–14.09.18 एवं अधिसूचना सं0–2106 (s) दिनांकः– 07.03.17

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा प्राप्त कार्य प्रमंडल, झंझारपुर के अधीन स्वीकृत पथ के प्राक्कलन पर विभागीय पत्र में दिये गये निदेश के आलोक में पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर लौटाया जा रहा है जिसकी विवरणी निम्न हैः–

| Sl. No. | Name of Division | Name of Scheme | Length (in KM) | Department Ref Lett. No./Date | A.A. Amount (in Lakh) Construction Cost & Maintanance Cost | Revised T.S. Amount (in Lakh) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | झंझारपुर | Paithghat Biraul Road to Tolva Mushari | 2.436 | 8281/13.09.2017 | 183.47 | 206.88 |

2. **प्राक्कलन की पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति इस शर्त के साथ दी जा रही रही कि पुरक एकरारनामा अपेक्षित होगा और इसका दर प्राथमिक एकरारनामा की दर से निर्धारित होगी,** जिसका तात्पर्य यह है कि प्राथमिक एकरारनामा के समय सक्षम प्राधिकार अनुमोदित दर अतिरिक्त दर के लिए मार्गदर्शक होगी। यह उससे कम हो सकती है, किन्तु किसी भी परिस्थिति में यह प्राथमिक एकरारनामा की दर से अधिक नहीं होगी। प्राथमिक एकरारनामा की परिमाण विपत्र मंजूर करने के लिए प्राधिकृत सक्षम प्राधिकारी द्वारा दर और परिमाण विपत्र मंजूर किए जायेंगे लेकिन किसी भी हालत में अतिरिक्त मदों का एकरारनामा के 10 प्रतिशत (दर अनुक्रम मदवार कुल लागत– दोनों) यदि यह 10 प्रतिशत से अधिक हो तो पदानुक्रम के स्तर ऊपर वाला (पदाधिकारी) सक्षम प्राधिकार होगा। यदि यह (दर अनुक्रम और कुल लागत–दोनों) 20 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी तो पथ निर्माण विभाग का अधिसूचना संख्या–2106 (s) दिनांकः– 07.03.17 में वर्णित प्रावधान के अनुसार विभागीय अनुमोदन की आवश्यकता होगी।
3. स्वीकृत प्राक्कलन की जॉच अधीक्षण अभियंता, अपने स्तर से कर लेगें यदि किसी प्रकार की संशोधन की आवश्यकता हो, तो मुख्यालय को सूचित करेंगे।
4. समर्पित किए गए प्राक्कलन की तकनीकी स्वीकृति इस आधार पर दी जाती है कि प्रस्तुत किए गए प्राक्कलन वास्तविक कार्य स्थल के निर्माण के लिए कार्य स्थल के अनुरुप तैयार की गई है, जिसमें पथ एवं पुल निरुपण सम्बंधि सारी आवश्यकता पूरी कर ली गई है।
5. अधीक्षण अभियंता, पथों का निरीक्षण प्रतिवेदन एवं कार्यो के संबंध में समीक्षात्मक टिप्पणी मुख्यालय को 5वीं तिथि को उपलबध कराना सुनिश्चित करेंगे।
6. प्राक्कलन की स्वीकृति दरों की स्वीकृति नहीं समझी जाये।
7. अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, दरभंगा ऐसे मदों के दर जो अनुसूचित दर में नहीं है, कर दर अपने अंचल स्तर से राज्यस्तरीय, अनुसूचित दर निर्धारण समिति के द्वारा अनुमोदित सामाग्रियों के दर के आधार पर MORD Data book analysis के आधार पर दर विश्लेषण करते हुए मुख्यालय को सूचित करेंगे। ताकि मुख्यालय अनुसूचित दर निर्धारण समिति की बैठक में उसका अनुमोदन का S.O.R तैयार करने की दिशा में कार्रवाई की जा सके।
8. स्थल पदाधिकारी द्वारा लम्ब काट एवं आड़ी काट के आधार पर मिट्टी की मात्रा की गणना कर भुगतान किया जायेगा।
9. अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, दरभंगा को निदेश दिया जाता है कि नये मद का दर विश्लेषण जॉच कर संतुष्ट हो लेगें एवं पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति के उपरान्त लोक निर्माण संहिता के सुसंगत कंडिका के अनुरूप अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

अनु0– स्वीकृत प्राक्कलन की मूल प्रति।

विश्वासभाजन
ह0/–
मुख्य अभियंता–3, पटना

ज्ञापांकः– 4768 पटना, दिनांकः– 23.6.20

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, झंझारपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

मुख्य अभियंता–3, पटना

Scanned with CamScanner

(8)

दिनाक 28.08.2019 को सम्पन्न ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा कार्यान्वित राज्य योजना से संबंधित योजनाओं के मदों में वृद्धि एवं अतिरिक्त मदों के प्रस्ताव पर विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

1.उपस्थिति

1. श्री विनय कुमार, सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
2. श्री प्रदीण कुमार ठाकुर, अभियंता प्रमुख।
3. श्री कमलेश चौधरी, मुख्य अभियंता–3

2. संचिका सं0– मु0 अ0–4 (मु0) रा0 यो0 –03–355/2019

3. विषय एवं प्रस्ताव – राज्य योजना के अंतर्गत, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, झंझारपुर के अंतर्गत पैटघाट बिरौल पथ से टोलया मुशहरी पथ निर्माण कार्य में नये मद एवं मद वृद्धि का अनुमोदन प्रदान करने का प्रस्ताव है।

4. समिति द्वारा की गई समीक्षा–

(i) इस योजना के लिए मूल प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक मु0 अ0–4 (मु0) नाबार्ड–03–39/2017–8281 दिनांक 13.09.2017 द्वारा राशि 183.47 लाख रू0 की लागत पर दी गयी थी।

(ii) इस संबंध में मुख्य अभियंता–3 से प्राप्त पुनरीक्षित प्राक्कलन के तुलनात्मक विवरणी से स्पष्ट है कि कुछ नये मद शामिल किये गये है। तथा कुछ पुराने मदो में मद वृद्धि 20 प्रतिशत से अधिक हो रही है। पुनरीक्षित प्राक्कलन में संलग्न तुलनात्मक विवरणी में मदों की विवरणी अंकित है, जो इस कार्यवाही के साथ संलग्न है। पुनरीक्षित प्राक्कलन पर मु0 अ0–3 द्वारा पुनरीक्षित तकनीकी अनुमोदन प्रदान किया गया है।

(iii) पथ निर्माण विभाग के अधिसूचना सं0–2106 (S)दिनाक 07.03.2017 के अनुसार मदो में 20 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होने अथवा नया मद जोड़े जाने पर विभागीय प्रधान सचिव/सचिव की अध्यक्षता में गठित विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन आवश्यक है।

(iv) वित्त विभाग के संकल्प सं0 6439 दिनांक 28.08.2018 के अनुसार" किसी भी स्वीकृत योजना के मूल प्राक्कलन में 20 प्रतिशत से कम या 20 प्रतिशत तक वृद्धि होने की स्थिति में संबंधित योजना के पुनरीक्षित प्राक्कलन के लिए पुनः प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता नही होगी, किन्तु राशि का व्यय वितीय प्रावधानो का पालन कर किया जायेगा।"

5. प्रस्ताव–

तदनुसार राज्य योजना के अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, झंझारपुर के अंतर्गत पैटघाट बिरौल पथ से टोलवा मुशहरी पथ निर्माण कार्य जिसकी मूल प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक मु0 अ0–4 (मु0) नाबार्ड–03–39/2017–8281 दिनाक 13.09.2017 द्वारा राशि 183.47 लाख रू0 की लागत पर दी गयी थी, का पुनरीक्षित निर्माण लागत 206.88 लाख रु0 है, जो मूल प्रशासनिक स्वीकृति की राशि 183.47 लाख रू0 से मात्र 12.76 प्रतिशत अधिक है। लागत में बढोतरी प्रावधानित बॉक्स कलभर्ट के आकार में परिवर्तन तथा सरफेस ड्रेसिंग की जगह मिक्स सील सरफेसिंग का प्रावधान करने के कारण हो रही है। पुनरीक्षित प्राक्कलन में कुछ नये मद शामिल है एव कुछ पुराने मदो में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो रही है।

Scanned with CamScanner

WELFARE STAMP
बिहार BIHAR
पच्चीस रुपये RUPEES TWENTY FIVE
BRST0741819G2058M
07-JUL-2020

SPECIAL ADHESIVE

SPECIAL ADHESIVE

40/125.00
13/7/20

संजय कुमार सुमन

Identified by Sri
Advocate & Solemnly affirm
declare before me

समक्ष लेख्य प्रमाणक

झंझारपुर

13/7/20

## शपथ पत्र

मैं संजय कुमार सुमन उम्र 44 पिता –श्री शिव ना0 यादव ग्राम –परतापुर वार्ड नं0 –8 झंझारपुर जिला मधुबनी बिहार शपथपूर्वक बयान करता हूँ।

1 यह कि मैं संजय कुमार सुमन ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधित संवेदक हूँ।

2 यह कि मुझे ग्रामीण विभाग कार्य प्रमंडल झंझारपुर द्वारा पैटघाट विरौल रोड से टोलवा मुशहरी पथ का कार्य एकरारनामा संख्या –34SBD/2018-19 Nabard से आवंटित किया गया था।

3 यह कि एकरानामा के अनुसार इस कार्य के समाप्ति की तिथि 04.09.2019 था जो कि ससमय गुणवतापूर्वक समाप्त किया जा चुका है।

4 यह कि उक्त पथ में एक R.C.C पुलिया जो कि 1x5x3 था जिसे revise कर 2x5x4 Size में revise किया गया है।

5 यह कि विभागीय निविदा समिति के द्वारा पत्रांक 3684 दिनांक 28.08.2019 के द्वारा अनुमोदन प्राप्त किया गया तदुपरांत T.S होने के बाद दिनांक 03.07.20 के द्वारा Supplementry Agreement किया गया है।

6 यह कि चुंकि मुख्य निर्माण कार्य सम्पन्न हो चुका है एवं revise का कार्य करना शेष है, कार्य प्रारंभ कर दिया गया है । निर्माण कार्य को सम्पन्न करने वास्ते बरसात के बाद दो माह का अतिरिक्त समय की आवश्यकता है।

7 यह कि उपरोक्त बाते सही वो सत्य है।

8 यह कि मैं भविष्य में इस पथ में कभी भी अतिरिक्त समय का मांग नहीं करूँगा।

NOTARY
G.N. Maharaj
Jhanjharpur
Madhubani

संजय कुमार सुमन
हस्ताक्षर

Identify the deponent who has signed in my presence

13/7/2020
Advocate

Scanned with CamScanner